पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

पत्रकारिता में समाज का चित्र बदलने की ताकत है - राज्यपाल

लखनऊः 18 मई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित श्रीटाइम्स की तीसरी वर्षगांठ पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डाॅ0 योगेश प्रवीन, प्रसिद्व इतिहासकार, श्री श्याम कुमार, वरिष्ठ पत्रकार, श्री दीपक मिश्रा, राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रचार में योगदान, डाॅ0 चक्रधर नलिन, बाल साहित्यकार, डाॅ0 रविकांत, कुलपति एवं डाॅ0 संदीप तिवारी को चिकित्सा, युवा पत्रकार, श्री लोकेश प्रताप सिंह, श्री विनय मिश्रा, उद्योग क्षेत्र एवं श्री मिथिलेश लखनवी, संगीत एवं गायन को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लखनऊ के महापौर, डाॅ0 दिनेश शर्मा, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, डाॅ0 उदय प्रताप सिंह, संपादक, दैनिक भाष्कर, श्री दीपक द्विवेदी, संपादक, श्रीटाइम्स, श्री राजेन्द्र बहादुर सिंह सहित अन्य विशिष्ट नागरिकजन उपस्थित थे।

राज्यपाल ने मुख्य अतिथि के तौर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सही खबर लोगों तक पहुँचाना पत्रकारिता का धर्म है। लोगों के बीच सही खबर और सही विचार जाना चाहिए। पत्रकारिता में स्पर्धा है मगर गुणवत्ता का अपना महत्व है। पत्रकारिता मिशन के रूप में चले तो समाज को अधिक लाभ मिलेगा। छपे हुये शब्दों पर लोगों का विश्वास होता है। पत्रकारिता की व्यवहारिक कठिनाई के बावजूद पत्रकारों को अपना धर्म निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में विश्वसनीयता बनाये रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है।

श्री नाईक ने कहा कि देश की आजादी के लिये तलवार और कलम दोनों का अपना महत्व रहा है। क्योंकि दोनों का मकसद देश को आजाद कराना था। स्वाधीनता के बाद राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में पत्रकारिता महत्वपूर्ण सहभागी है। सत्य पहुँचाने का कार्य पत्रकारों का है। पाठकों के समक्ष समाज का सही चित्र रखना, दिशा देना तथा उचित प्रबोधन पत्रकारिता के गुण हैं। देश कैसे चले, स्वराज कैसे आये और सुशासन क्या है, यह लोगों के सामने रखने का काम पत्रकार मित्रों का है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चैथा स्तम्भ है और उसमें समाज का चित्र बदलने की ताकत है।

डाॅ0 उदय प्रताप सिंह, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने कहा कि पत्रकारिता अंधकार में दीपक जलाने जैसा है। जनमत तैयार करने में पत्रकारिता की अहम भूमिका होती है। स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए लोकतंत्र के दूसरे स्तम्भ का कार्य किया। उन्होंने सच्चाई से काम करने वाले पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कि पत्रकार समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन सोच समझकर करें।

महापौर, डाॅ0 दिनेश शर्मा ने श्रीटाइम्स को तीन वर्ष के सफल प्रकाशन की बधाई देते हुए कहा कि देश में पत्रकारिता का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हमारे राष्ट्र नायकों ने पत्रकारिता को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता अपना प्रभाव डालती है।

कार्यक्रम में नेपाल त्रासदी में चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के चिकित्सकों की टीम को भी श्रीटाईम्स समाचार पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

श्री टाइम्स

श्री टाइम्स
SHRI NEWS

श्री टाइम्स
SHRI
श्री मीडिया अपनी तीसरी वर्षगांठ पर
आपका हार्दिक स्वागत करता है
EXIT

श्री मीडिया अपनी
हार्दिक

श्री टाइम्स
SHRI
अपनी तीसरी